भारत सरकार

जल शक्ति मंत्रालय

जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 970

जिसका उत्तर 27 जून, 2019 को दिया जाना है।

.....

जिगांव और खड़कपूर्ण सिंचाई योजना

970. श्री प्रतापराव जाधव:

क्या **जल शक्ति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) आज की तिथि के अनुसार निर्माणाधीन जिगांव एवं खड़कपूर्ण सिंचाई योजना की योजना-वार वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) महाराष्ट्र के बुलढाणा क्षेत्र में आज की तिथि के अनुसार इनमें से प्रत्येक सिंचाई योजना पर कितनी राशि खर्च की गई है;

(ग) इन सिंचाई योजनाओं का कार्य कब तक पूरा किए जाने की संभावना है; और

(घ) क्या इन योजनाओं को पूरा करने में कोई विलंब है तथा यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

जल शक्ति और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री (श्री रतन लाल कटारिया)

(क) जल संसाधन परियोजनाओं की आयोजना, वित्त पोषण, निष्पादन और अनुरक्षण संबंधित राज्य सरकारों द्वारा उनके संसाधनों और प्राथमिकता के आधार पर किया जाता है। भारत सरकार, उनके प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए प्रधान मंत्री सिंचाई योजना (पीएमकेएसवाई) के अंतर्गत त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम (एआईबीपी) जैसे विभिन्न स्कीमों और कार्यक्रमों के माध्यम से जल संसाधनों के सतत विकास और कुशल प्रबंधन के लिए राज्य सरकारों को तकनीकी और वित्तीय सहायता प्रदान करती है।

खड़कपूर्ण पीएमकेएसवाई-एआईबीपी के अंतर्गत प्राथमिकीकृत परियोजनाओं में से एक है। इसके अतिरिक्त, भारत सरकार ने जुलाई, 2018 में विदर्भ एवं मराठवाड़ा और शेष महाराष्ट्र के सूखा प्रवण जिलों में 83 सतही लघु सिंचाई (एसएमआई) परियोजनाओं और 8 वृहत/मध्यम सिंचाई (एमएमआई) परियोजनाओं (जिगांव परियोजना सहित) को पूरा करने के लिए केन्द्रीय सहायता प्रदान करने हेतु विशेष पैकेज अनुमोदित किया है।

राज्य सरकार द्वारा प्राप्त सूचना के अनुसार जिगांव परियोजना की वर्तमान स्थिति निम्नलिखित है:

(i) अर्थेन डैम एवं स्पिलवे - 75 प्रतिशत पूर्ण

(ii) एलआईएस, राइजिंग मेन एवं पंप हाउस - 65 प्रतिशत पूर्ण

खड़कपूर्ण परियोजना के संबंध में बांध का कार्य, लिफ्ट सिंचाई स्कीम, मुख्य नहर एवं पंप हाउस का कार्य पूरा कर लिया गया है। सहायक नदियों आदि का कार्य 90 प्रतिशत पूरा हो गया है।

(ख) जिगांव खड़कपूर्ण परियोजनाओं पर किए गए खर्च का ब्यौरा निम्नलिखित है:

(करोड़ रूपए में)

परियोजना	**परियोजना नवीनतम लागत**	**05/2019 तक किया गया खर्च**	**05/2019 तक जारी केन्द्रीय सहायता**
जिगांव	7764.39	3750.51	262.025
खड़कपूर्ण	1374.60	1299.48	615.08

(ग) और (घ) राज्य सरकार द्वारा प्रदान की गई सूचना के अनुसार, जिगांव परियोजना को वित्त वर्ष 2023-24 में पूरा करने की योजना है और खड़कपूर्ण परियोजना को दिसंबर, 2019 तक पूरा करने की योजना है।

*****